# दिल्ली पब्लिक स्कूल गया

## परिपत्र

### अंतर–सदन हिन्दी काव्य–पाठ प्रतियोगिता (कक्षा 3–5)

दिनांकः– 13.08.2026

प्रिय शिक्षकगण,

**अभिवादन**

कविता हृदय की वस्तु तथा अनुभूति की अभिव्यक्ति है। कविता वह साधन है जिसके द्वारा सृष्टि के साथ मनुष्य के रागात्मक सम्बन्धों की रक्षा व निर्वाह होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कविता को 'जीवन की अनुभूति कहा है'।

दिल्ली पब्लिक स्कूल गया विद्यार्थियों में वाचन–कौशल को विकसित करने के लिए कक्षा 3–5वीं तक के विद्यार्थियों हेतु आगामी 17 अगस्त 2026, सोमवार को प्रातः 10:25 से 11:25 बजे तक द्वितीय व तृतीय कालांश में विद्यालय सभागार में अंतर सदन 'काव्य–पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में तीसरी से पाँचवीं कक्षा तक के कुल 20 प्रतिभागी भाग लेंगे जिसमें प्रत्येक सदन से 5 प्रतिभागी होंगे। प्रतिभागियों को कविता प्रस्तुति हेतु 2–3 मिनट का समय दिया जाएगा । प्रतिभागियों का मूल्यांकन भाषा व प्रस्तुति, उच्चारण एवं स्पष्टता, काव्य–अनुतान और भाव–भंगिमा के आधार पर किया जाएगा ।

| प्रतियोगिता कार्यक्रम सूची | | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थियों का आगमन | 5 मिनट |
| 2. | प्रतियोगिता परिचय | 2 मिनट |
| 3. | नियमावली परिचय | 3 मिनट |
| 4. | काव्य–पाठ प्रस्तुति | 40 मिनट |
| 5. | प्रधानाचार्य –संबोधन | |
| 6. | विद्यार्थियों का प्रस्थान | 5 मिनट |

*श्रोतागणः चौथी कक्षा के विद्यार्थीगण इस प्रतियोगिता के श्रोता के रूप में सभागार में उपस्थित रहेंगे। प्रथम कालांश में शिक्षक/शिक्षिकाएँ अपने –अपने वर्ग के विद्यार्थियों को सुबह 10:25 बजे कार्यक्रम–स्थल ले आएँगे तथा तृतीय कालांश में कार्यक्रम–समाप्ति के पश्चात उन्हें अपने–अपने वर्ग में ले जाएँगे ।*

*ध्यातव्यः जिन शिक्षक–शिक्षिकाओं को उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं, कार्यक्रम तिथि को कार्यक्रम–स्थल पर, प्रातः 10:20 बजे कृपया अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।*

प्रधानाचार्य